दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 74 मुरादाबाद 09 July 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 2024 को लेकर भाजपा की बैठक: तैयार की गई कार्ययोजना, योगी बोले- कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं सरकार की योजना व उपलब्धियां



भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें और उपलब्धियों को बताएं। सरकार ने 100 दिन का जो लक्ष्य तय किया था, उसे शत प्रतिशत पूरा किया है। भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संगठन की कार्ययोजना तैयार की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई मानता नहीं था कि भाजपा आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव जीत सकती है लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यकर्ताओं की मेहनत व सकारात्मक सोच से उपचुनाव में जीत मिली। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दें और उपलब्धियों को बताएं। सरकार ने 100 दिन का जो लक्ष्य तय किया था, उसे शत प्रतिशत पूरा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन की मर्यादा में रहकर काम करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा बयान न दें, जिससे संगठन कटघरे में खड़ा हो।महामंत्री सुनील बंसल ने कहा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कार्यसमिति में पारित हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

## जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे का निधन, जयशंकर बोले- यह दुनिया के लिए दुखद दिन



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का शुक्रवार को निधन हो गया। आबे पर आज सुबह ही हमला हुआ था। यह हमला उस वक्त हुआ जब नारा शहर में शिंजो आबे भाषण दे रहे थे। हमलावर ने पीछे से उन पर दो गोलियां दागीं, जिसके बाद शिंजो आबे जमीन पर गिर पड़े और उनके शरीर से खून बहता दिखाई दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह जापान, भारत और दुनिया के लिए दुखद दिन है। जयशंकर ने ट्वीट किया कि जापान, भारत, दुनिया और व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए दुखद दिन है।

### दलाई लामा ने भी किया याद

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने कहा कि मुझे यह सुनकर गहरा दुख हुआ है कि मेरे दोस्त शिंजो आबे ( पूर्व जापानी पीएम ) का आज सुबह एक हमले के बाद निधन हो गया। मैं उनके लिए प्रार्थना करता हूं और आपके और आपके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने उनकी मित्रता और हमारी समृद्ध बौद्ध सांस्कृतिक विरासत और पहचान को बनाए रखने के हमारे प्रयासों के समर्थन की बहुत सराहना की। आबे ने वास्तव में दूसरों की सेवा में एक सार्थक जीवन जिया।

### शाह ने व्यक्त की संवेदना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर उनके परिवार, अनुयायियों और जापान के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### पीएम मोदी ने आबे के साथ फोटो साझा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में अपने प्रिय मित्र, शिंजो आबे के साथ अपनी सबसे हालिया मुलाकात से एक तस्वीर साझा की। प्रधानमंत्री ने कहा हमेशा भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने के लिए भावुक, उन्होंने अभी-अभी जापान-भारत एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था।

### भारत में आज राष्ट्रीय शोक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि शिंजो आबे के प्रति हमारे दिल में गहरा सम्मान है, इसलिए कल ( यानि आज ) भारत में एक दिन का राष्ट्रीय शोक रहेगा।

## 'धनुष-बाण' पर समझौते के मूड में नहीं ठाकरे, बोले- शिवसेना का है और रहेगा चिह्न



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस्तीफा देने के बाद पहली बार शुक्रवार को जनता के सामने आए। उन्होंने यह साफ कर दिया है कि कोई भी धनुष-बाण के चिन्ह को शिवसेना से नहीं ले सकता। खास बात है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद अटकलें लगाई जाने लगी थी कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना के चुनाव चिन्ह पर दावा कर सकता है। वहीं, बगावत के समय गुवाहाटी में ठहरे विधायकों ने बालासाहब के नाम से नई पार्टी बनाने की भी बात कही थी।शुक्रवार को ठाकरे ने पार्टी के नेताओं का साथ देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब पार्टी ने इस तरह की बगावत का सामना किया है। ठाकरे ने कहा कि विधायक आते और जाते हैं, लेकिन पार्टी का वजूद खत्म नहीं होता है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है, धनुष-बाण के चिन्ह को लेकर कोई संदेह नहीं है। यह शिवसेना का है और हमेशा रहेगा। हालांकि, इसपर फैसला भारत निर्वाचन आयोग लेगा। फिलहाल, यह मामला आयोग के सामने नहीं पहुंचा है।

### निकायों में बगावत पर दी प्रतिक्रिया

विधायकों के बाद ठाणे और नवी मुंबई से पार्षदों के पक्ष बदलने की खबर आई थी। दोनों क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पार्षदों ने सीएम शिंदे के लिए समर्थन जताया था। इसपर ठाकरे ने कहा, जो पार्षद एकनाथ शिंदे के साथ हैं, वे उनके साथ जुड़ रहे हैं। जो लोग शिवसेना की मदद से बड़े बने हैं, वे छोड़कर चले गए, लेकिन जिन लोगों ने शिवसेना को बड़ा बनाया वे अभी भी साथ हैं। इस दौरान ठाकरे ने बागी विधायकों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, आप लोग उनके साथ बैठे हैं, जिन्होंने ठाकरे परिवार का अपमान किया है। खास बात है कि विधायकों के बाद पार्टी के सांसदों की भी पक्ष बदलने की संभावना जताई जा रही है। बागियों में शामिल गुलाबराव पाटील ने दावा किया था कि 18 में से 12 सांसद फैसले ले सकते हैं।

### उठाई चुनाव की मांग


ठाकरे ने राज्य में चुनाव की मांग उठाई है। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों को आज विधानसभा चुनाव की चुनौती देता हूं। अगर हमने गलत किया है, तो लोग हमें घर भेज देंगे। और अगर आपको यही करना जरूरी था, तो ऐसा ढाई साल पहले करना चाहिए था। यह सम्मान के साथ हुआ होता। ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं होती।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार

शिवसेना सुप्रीमो ने कहा, धमकियों के बावजूद जो 15-16 विधायक मेरे साथ रहे, उनपर मुझे गर्व है। यह देश सत्यमेव जयते पर चलता है असत्यमेव जयते पर नहीं। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को आने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल शिवसेना के भविष्य का फैसला करेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का भी फैसला करेगा। शीर्ष अदालत 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा।

# एक Kiss दे दो फिर बताएंगे अपना नाम, जीजा की करतूत सुनकर भड़क गई सलहज, थाने जाकर दर्ज करा दिया केस

यूपी के महाराजगंज में जीजा को सलहज से मजाक करना भारी पड़ गया। जीजा ने फोन पर सलहज से किस मांगा तो सलहज भड़क गई। जीजा की इस हरकत पर सलहज ने थाने जाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र की है। घटना चार जुलाई की बताई जा रही है। आरोपित युवक अपने ससुराल के गांव की एक महिला के नंबर पर फोन किया। अनजान नंबर से आए कॉल को देख महिला फोन करने वाले से उसका नाम-पता पूछी। इस पर सिरफिरे युवक ने कहा कि पहले किस दो। तब नाम बताऊंगा। इस पर महिला भड़क गई। युवक को डांट कर बोली की वह दोबारा फोन ना करें। वरना वह पुलिस में शिकायत दर्ज कराएगी। इसके बाद भी युवक कई बार महिला के फोन पर कॉल किया। हर बार अश्लील बात कर रहा था। आरोपित महिला के बाद उसकी



ननद के मोबाइल पर फोन उसके साथ भी अभद्रता करने लगा। ननद-भाभी दोनों ने फोन करने वाले का पता लगाना शुरू कर दी। पता चला कि फोन करने वाला जिला मुख्यालय से सटे एक गांव का है। महिला के गांव में उसकी ससुराल भी है। फोन करने वाला युवक रिश्ते में जीजा बताया जा रहा है।

### युवक की पत्नी व चाचा से भी शिकायत, फिर भी नहीं सुधरा युवक

युवक का पता लगाने के बाद ननद व भाभी युवक के ससुराल पहुंची। पूरी घटना की जानकारी दी। दोनों की बात सुन युवक की पत्नी उसे फोन की। इस पर भी उसके हरकतों में सुधार नहीं हुआ। महिला व उसकी ननद युवक के गांव पहुंची। उसके चाचा को पूरी घटना की जानकारी देकर उनके सामने युवक को फोन की। युवक धमकी देते हुए फोन कॉल को काट दिया। इसके बाद महिला तहरीर लेकर कोतवाली पहुंची। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर ली। विवेचना कलक्ट्रेट चौकी इंचार्ज कंचन राय को सौंपी गई है।

### आरोपित युवक का धारा 151 में चालान

इस मामले की विवेचना कर रही चौकी इंचार्ज कंचन राय का कहना है कि प्रकरण में आरोपित के खिलाफ शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान किया गया है। उसका जमानत मिल गई है। सीडीआर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। सीडीआर की जांच के बाद दर्ज केस में कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर बन गई का मजरा राजा प्लाट के निवासी तरन्नुम पत्नी ने पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ले की एक लड़का लड़की आपसी रजामंदी से साथ में लेकर फरार हो गया जिसके कारण लड़की के तरफ से थाना मल्हीपुर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसके तहत स्थानीय चौकी इंचार्ज व अन्य सहयोगी के साथ गैर कानूनी तरीके से अचानक घर के अंदर घुस कर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लात घुसा से मारा और घर के अंदर अकेली के नाते बदतमीजी किया धमकी देते हुए कहा कि अगर उच्च अधिकारियों से शिकायत किया तो हम तुमको व तुम्हारे पति पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज देंगे तथा मेरा मासूम बच्चा 1 माह का झलवा में झूल रहा था जिसे पुलिस ने मार दिया और से नीचे गिर कर बेहोश हो गया जिसे स्थानीय चिकित्सालय जमुनहा बाजार में दवा कराने के लिए लेकर गए हैं इस संबंध में तरन्नुम व अफसाना ने थानाध्यक्ष मल्हीपुर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ,महिला आयोग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को प्रार्थना पत्र भेजकर उपरोक्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

# राप्ती नदी मधवापुर घाट पर आपदा से बचाओ के लिए किया गया अभ्यास



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-तहसील जमुनहा के अंतर्गत मधवापुर घाट पर राप्ती नदी में बाढ़ के पानी से बचाव के लिए गोताखोरों ने राप्ती नदी में कूदकर डूब रहे थे और उन्हे निकाला गाया और उसे तत्काल प्रभाव से एंबुलेंस द्वारा बाहर राहत केंद्र भेजा गया जहां पर इलाज किया जा रहा है इस मौके पर अपर जिला अधिकारी श्रावस्ती के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया उप जिला अधिकारी जमुनहा नायब तहसीलदार शुभम तिवारी तहसीलदार अहमद फरीद खान स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक रविंद्र सोनकर व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी मल्हीपुर नरेंद्र कुमार सुरक्षा के लिए थाना मल्हीपुर की पुलिस क्षेत्राधिकारी भिंनगा अतुल चौबे थाना मल्हीपुर प्रभारी हर्षवर्धन सिंह डब्ल्यू डी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे अपार जिला अधिकारी ने बताया कि संभावित बाढ़ आपदा से बचने के उपाय पर रिहर्सल किया गया जिसमें राप्ती नदी में डूब रहे व्यक्ति को गोताखोरों ने जाकर उनकी जान बचाई और तत्काल प्रभाव से उन्हें बाढ़ रहरात केन्द्र एंबुलेंस से भेजा गया तथा यह कार्यक्रम का आयोजन बाढ़ आने से पूर्व किया जा रहा है जो ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि बारे में कोई कोई व्यक्ति नदी में डूब रहा हो तो उसे कैसे बचाया जाएगा इसीलिए आर राप्ती नदी माधवपुर घाट पर कार्यक्रम का का आयोजन किया गया।

# पांच साल का हिसाब नहीं, अब 100 दिन का ढिंढोरा; अखिलेश का भाजपा पर तंज

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने प्रदेश और देश में संकट पैदा किया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने लोगो को तबाह कर दिया है। गरीब, किसान, नौजवान आत्महत्या करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार ने जनता को अपने पांच साल का हिसाब नहीं दिया, अब 100 दिन का ढिंढोरा पीट रही है। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार का डबल इंजन लोगों को रौंद रहा है। भाजपा सरकार नौजवानों और युवाओं को नौकरी, रोजगार देने के झूठे दावे कर रही है। सरकार के सारे दावे झूठे, कागजी और जनता को गुमराह करने वाले हैं। भाजपा ने पिछले पांच साल में समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था, कुशासन और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए सौ दिन की उपलब्धियों का झूठा प्रचार शुरू किया है। जबकि इस सरकार ने सौ दिन में किसानों, नौजवानों, छात्रों, महिलाओं से किया कोई वादा पूरा नहीं किया। बस इसने सत्ता और प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र और संविधान को रौंदा है। विकास को रोका और स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है।

## मछली मारने गये दो युवक नदी में डूब कर मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर कोठी के निवासु नकऊ पुत्र फक्के आयु 25 वर्ष व राजेश कुमार उर्फ छोटू पुत्र मिश्री लाल 30 वर्ष दो युवक मछली मारने के लिए राप्ती नदी में गए हुए थे जो पैर फिसल गया और दोनों युवक राप्ती नदी में गिर गए और वहीं पर उनकी मौत हो गई परिजनों की सूचना पर थाना मल्हीपुर की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है प्रार्थना पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश सिंह मथुरा सांसद हेमा मालिनी जी से मिले

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मथुरा बिहारी जी के दर्शन उनके साथ किसान मोर्चा महानगर के उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह शान मोर्चा महानगर कार्यकारिणी के सदस्य पवन कुमार सिंह लव कुश वीआईपी, ठाकुर पत्रकार जिला ब्यूरो चीफ भी साथ में रहे उसके बाद भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष किसानों के नेता चौधरी हीरालाल जी से मिले उनसे पूरा आशीर्वाद प्राप्त किया अलीगढ़ से गए सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा माननीय चौधरी हीरा सिंह जी का फूल मालाओं से सम्मान किया किसानों के नेता भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी हीरा सिंह के नेतृत्व में मथुरा की लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी जी से मिले भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मथुरा के लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी जी का बुके देकर स्वागत किया मथुरा सांसद हेमा मालिनी जी से पूरा आशीर्वाद प्राप्त किया

उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर सतेंद्र पाल सिंह सदस्य महानगर कार्यकारिणी पवन कुमार सिंह एवं लव कुश वीआईपी ठाकुर पत्रकार जिला ब्यूरो चीफ ने भी बुके देकर मथुरा सांसद जी का स्वागत किया

# महिला का आरोप ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर करते हैं प्रताड़ित

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला और उसके परिवार के साथ की मारपीट उत्तर प्रदेश की जनपद मुरादाबाद के छजलेट थाना निवासी पीड़ित परिवार ने मुरादाबाद डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई है दरअसल महिला ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है की मेरे ससुराल पक्ष के लोग मुझे शादी के बाद से ही आए दिन प्रताड़ित करते रहते हैं मैंने जब मैंने इस बात का विरोध किया तो मुझे मेरे पति और देवर ने मेरे साथ मारपीट करना शुरू कर दी वही जब मेरे परिवार के लोग उन्हें समझाने पहुंचे तो ससुराल वालों मैं उनके साथ भी मारपीट करना शुरू कर दी दरअसल पीड़ित महिला का आरोप है कि उसने इस बात की शिकायत पुलिस की लेकिन पुलिस ने मेरी दी गई शिकायत पर मेरे ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की इसी से नाराज पीड़ित महिला मुरादाबाद डीआईजी आवास पहुंच गई और उसने अपने ससुराल पक्ष के सभी लोगों के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग कर न्याय की गुहार लगाई है

# चलती कार में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी भीषण आग मची अफरा-तफरी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-चलती कार में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी भीषण आग मची अफरा-तफरी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद एसएसपी आवास से चंद कदम की दूरी पर चलती कार में अचानक लगी भीषण आग लग गई दरअसल बताया जा रहा है कार में 3 लोग सवार होकर जा रहे थे तभी अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई

आग लगने के तुरंत बाद कार में सवार तीन लोगों ने अपनी कूदकर बचाई जान सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर पाया काबू लेकिन जब तक लेकिन तब तक कार जलकर पूरी तरह से राख हो गई दरअसल आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है

# जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग मुरादाबाद के चेयरमैन अफजल साबरी के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन देते हुए जिला चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र एवं कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है पुलिस प्रशासन मनमाना रवैया करते हुए किसी भी व्यक्ति को उठाकर बंद कर देती है और माननीय न्यायालय द्वारा लोगों को बाइज्जत बरी करने के बाद भी उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती जिन पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने लोगों का उत्पीड़न कर झूठे मुकदमों में फसाकर प्रताड़ित किया जाता है सहारनपुर की घटना बेहद निंदनीय है जिसको लेकर पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय में प्रदेश पुलिस की छवि धूमिल हुई है दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हर हाल कार्यवाही होनी चाहिए ।ज्ञापन में सहारनपुर की पुलिस कस्टडी में पुलिस उत्पीड़न के शिकार लोगों के अदालत द्वारा बरी किये जाने के उपरांत, दोषी पुलिसकर्मीयों के खिलाफ़ कार्यवाई हेतु मांग की गई ज्ञापन में कहा गया कि विदित हो कि 15 जुलाई 2022 को सहारनपुर शहर कोतवाली में 8 मुस्लिम युवकों के बर्बर पुलिस पिटाई का वीडियो वाइरल हुआ था। जिसकी चौतरफा निंदा हुई थी। यहाँ तक कि कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने 17 जून को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन से भी मुलाक़ात कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ़ कार्यवाई की मांग की थी। वहीं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लुकुर और उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह समेत कई ज़िम्मेदार लोगों ने इसे पुलिस की छवि बिगाड़ने वाली घटना बताया था। बावजूद इसके सहारनपुर के एसएसपी आकाश तोमर और एसपी राजेश कुमार इस तथ्य को झुठलाते रहे कि यह वीडियो सहारनपुर का नही है। लेकिन बाद में जब यह साबित हो गया कि वीडियो सहारनपुर का ही है तो पीड़ितों को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। 22 दिनों बाद 4 जुलाई को सभी लोगों को अदालत ने रिहा कर दिया क्योंकि पुलिस उनके खिलाफ किसी अपराध का सुबूत नहीं दे पायी। पूरा प्रकरण राज्य पुलिस के घोर आपराधिक और गैरकानूनी कार्य शैली का उदाहरण है। दिए गए ज्ञापन में चार मांगे कि गई सहारनपुर कोतवाली में पिटाई की घटना में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उचित धाराओं में जेल भेजा जाए। ऐसे आपराधिक कृत्य को छुपाने अथवा नकारने का प्रयास कर दोषी पुलिसकर्मियों का बचाव करने व अपनी विभागीय ज़िम्मेदारी का निर्वहन न करने वाले एसएसपी आकाश तोमर और एसपी राजेश कुमार को तत्काल निलंबित किया जाए। पूरे मामले की न्यायिक जाँच कराई जाए। पुलिस उत्पीड़न के शिकार सभी 8 निर्दोषों को 20 - 20 लाख रूपये बतौर मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी जिला अध्यक्ष असलम खुशी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग मोहम्मद अहमद जमाल सलमानी पार्षद मोहम्मद जुनेद गुलवेज सिद्दीकी दानिश अंसारी गुलरेज सिद्दीकी राजेंद्र बाल्मीकि इरशाद हुसैन बब्बू चौधरी गईयूर अंसारी नाजिम मलिक फहीम अली भयंकर सिंह बौद्ध रईस खान मोहम्मद सलमान विवेक सागर सरफराज सिद्दीकी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे

# कुन्दरकी में जुमे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



मुरादाबाद-नगर समेत गांवों में जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने नगर व गांवों में भ्रमणकर धार्मिक स्थलों पर धर्मगुरु से संवाद किया और नमाज सकुशल संपन्न कराई। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में फोर्स ने गूलर तिराहा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड समेत सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचे। सकुशल नमाज संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि कोई भी कानून हाथ में न ले। अगर किसी को कोई दिक्कत है तो तुरंत प्रशासन की मदद ले पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज न करें। इस मौके पर थानाध्यक्ष पवन कुमार, चौकी प्रभारी विजय सिंह, उप निरीक्षक नरगिस सैफी, कल्पना देव, नितिन चौधरी, रोहित कुमार, बृजेश कुमार, आफाक हुसैन, भूरा अली आदि मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Finger on china again

The position that China has suddenly made in the world's business world is astonishing. Its sudden economic rise forces some people to clench their teeth, while some feel that this path is worth following. It is a different matter that despite efforts, no one has been able to follow him completely. It is also often said that the story of China's progress is not so simple, it has many dark aspects. There are many dark exploits, which are overlooked in the face of the gleam of achievements. In London on Thursday, US intelligence agency FBI chief Christopher Wari and British intelligence agency MI5 chief Ken McCallum addressed leaders of business groups, they were targeted by similar actions by China. He told how China steals the data of countries around the world,


their companies, blows up their technology and using these to defeat them in the world market. He also said that China and its companies use all kinds of tactics to capture the market and China has the largest hacking network. Both also gave many examples of this. This address by the heads of US and UK intelligence agencies has come at a time when Chinese smartphone maker Vivo in India is embroiled in a controversy. The Enforcement Directorate has found evidence that the company has been involved in money laundering cases. In this regard, the directorate has also raided more than 40 locations of the company. Meanwhile, the manner in which two directors of this company fled India, have also strengthened these allegations. The Chinese government has reacted sharply to these raids, saying that such actions will spoil the investment and business environment in India.

There is no doubt that the Government of India should give a strong message, so that every foreign company ensures the complete compliance of the rules and regulations of India. The investigation is still going on in the Vivo case and until the information comes out, it cannot be seen by linking it to any larger context. As far as the addresses of the heads of the two big intelligence agencies of the world are concerned, then the job of the intelligence agencies is to suspect and find some big conspiracy behind everything. But just by thinking like this, China does not get acquitted of any charge. The biggest problem of China is that it is still a closed society after all the progress.

Although it has opened its doors for tourism and trade, but the world does not even know what is happening there, where and how. Foreign journalists are not allowed to go everywhere there. China's media itself has never been so independent that anything can be said on its trust. The government there is the ruling Communist Party and its army is also there. The people of the world are still entangled in whether such a Chinese company is government or private. China has certainly made a lot of progress, but there is no transparency behind it. There is no reason not to doubt the intentions of those with closed windows and doors.

## 'Khatron ki Khiladi' Divyanka celebrating the sixth wedding anniversary, 'love' is going on with Vivek


Veteran television actress Divyanka Tripathi and her husband actor Vivek Dahiya are celebrating their sixth wedding anniversary today. This pair of both is one of the most popular couples in the enter- tainment world. This real-life couple of Telly World has a huge fan following. This is the reason why fans also call him by the name Divek. Yeh Hai Chahate fame Divyanka and Vivek met during this show. After dating for a few years, both of them got married on this day in the year 2016. There is a great chemistry between the two, which is often clearly visible in their pictures. Divyanka Tripathi and Vivek Dahiya are very fond of traveling. This is the reason why they often go to different places when they get time from work. In this picture, he is seen enjoying the beautiful sunset in Goa. Divyanka looks gorgeous in a green printed dress and Vivek looks handsome in a white shirt and trousers. A few days back, the stylish couple went to Thailand, where they gathered tons of adventures and memories.



In this cute picture, Vivek Dahiya is seen kissing Divyanka on the cheek in a restaurant. Divyanka is very fond of romantic dates and doing something special for her husband. But this time Vivek surprised her with beautiful arrangements to make the date of Valentine's Day very special. Divyanka and Vivek are seen sharing a squishy hug in this picture. Sharing this photo, Divyanka said that she loves Vivek's messy curls. In this picture, the couple is seen spending quality time with each other. Along with this, both are also seen enjoying their favorite dessert. In the photo, both are seen immersed in each other's eyes.

## Nikki Tamboli was trolled in unbuttoned pants, now said such a thing about the crying video

Actress Nikki Tamboli, who was a part of reality TV shows Bigg Boss and Khatron Ke Khiladi, is active on social media and becomes a victim of trolling every day. Although the actress has not been able to win in any reality show nor did she get much public support, but Nikki ji gives her life in the matter of her work. Till now she has appeared in some music videos. Nikki Tamboli is not getting work? - Nikki Tamboli was in the news recently due to one of her photoshoots in which she got the photoshoot done by opening the button of her pants. Nikki Tamboli said about her upcoming projects, 'I am getting offers from TV and films but none of them is particularly exciting. I think if I am doing a film then I should be proud of it so that I want to watch that film again.' Nikki Tamboli's reply on the viral video - Talk about Nikki Tamboli's bold photoshoot and her trolling Nikki cried while talking about Sidhu Musewala at the airport and was trolled for it. Talking about this, Nikki said, 'I love Sidhu's work and I talked about it even when I was in Bigg Boss. I was very emotional to hear about his death and got emotional when Papps asked about it. Nikki said now it does not matter to me - Nikki Tamboli said, 'That was my very natural reaction. I was trolled even when my brother passed away and I was smiling during Khatron Ke Khiladi. Now even when I cried people trolled me. So whether I laugh or cry, I will be trolled. So now it doesn't matter to me. Nikki said she likes criticism because it gives her the energy to do more things.



# ईद कल, बाजार हुआ गुलजार, खरीदारों की भीड़

अलीगढ़- ईद को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। 10 जुलाई को मनाई जाने वाली ईद को लेकर शुक्रवार देर रात तक बाजारों में खरीदारी होती रहती है। तेज धूप और गर्मी के कारण दोपहर में जहां सन्नाटा पसरा रहता है। वहीं शुक्रवार को दोपहर बाद बाजार की चमक बढ़ गई। शाम को मुस्लिम परिवारों के लोग खरीदारी को निलते है। बाजार में भीड़भाड़ को लेकर पुलिस भी सर्तक है। पुलिस ने बाजार में गश्त बढ़ा दी है। साथ ही सिविल ड्रेस में भी सिपाहियों को तैनात कर दिया है। ईद-उल-अजहा को लेकर मुस्लिम परिवारों की तैयारियां जोरों शोरों से हैं। बाजार में एक और जहां बकरों की मंडी लगी हुई है, वही उसके खरीदारों की भीड़ लगी रहती है। जैसे जैसे त्योहार करीब आ रहा है, ईद की तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजार में कुर्ता-पैजामा, शेरवानी, टोपा, सिल्क वाले सूट, टाउजर, क्रेपरी, नेट, क्रेप, फाक सूट, लेगिस, पेंसिल जींस, बुर्का, ज्वेलर्स, इत्र आदि की खरीदारी के लिए शोरूम पर ग्राहकों का तांता लगा हुआ है। महंगाई के बावजूद इसके सामान की खरीदारी में कमी नहीं है। सेल तो कहीं लुभाने वाली आफर के साथ बिक्री व खरीदारी की जा रही है। बकरीद के मद्देनजर खरीदारी से बाजारों में रौनक बढ़ी है। बहुत से लोग अग्रिम खरीदारी कर कपड़ों को सिलाई के लिए दे दिए। जहां निर्धारित समय पर कपड़ा लेने व देने की बकायदा बुकिंग की गई। पर्व पर नए कपड़ों की खरीदारी का अत्यधिक महत्व है। प्रसाधन सामग्रियों के साथ जूता, जूती, चप्पल, कंगन, बिंदी, झुमका, बाली, गले के हार सेट, चश्मा, बेल्ट आदि की खरीदारी के लिए दुकानदार ग्राहकों को आकर्षित कर रहे है। कुर्ता-पाजामा, लेडीज सूट व छोटे बच्चों के कपड़ों की मांग अधिक है। रेलवे रोड, आमरीन निशा बाजार, शमशाद बाजार, जकरिया बाजार, रामघाट रोड, एटा चुंगी रोड पर खरीदारी के लिए तांता लगा रहा। बाजारों की चहल-पहल देखते हुए ग्रामीण अंचलों के भी ग्राहक आए तथा महंगाई का असर होने के बाद भी लोग भरपूर खरीदारी कर रहे है। ईद की याद दिलाने वाले सेवई की दुकानों पर खरीदारी जोरों पर है। पर्व की मिठास बढ़ाने वाली सेवइयों के दामों के इस वर्ष उछाल है इसके बाद भी विभिन्न वेरायटी की सेवइयां खरीदी जा रही है। शहर के दर्जन भर से अधिक स्थानों पर सेवई के साथ बकरों की मंडी में सजी रही। जहाँ खरीदारों की कतार लगी रही। शहर की दुकानें त्यौहार की मिठास बढ़ा रही है। शुक्रवार को नमाज के बाद भी यहां पर खरीदारों की भीड़ देखी गई। गर्मी से लथपथ लोग बच्चों और परिवार के लिए कपड़ों की खरीदारी करते हुए देखे गए।

# अग्नीपथ योजना का पुरजोर विरोध करती है समाजवादी पार्टी

अलीगढ़- समाजवादी पार्टी की ओर से शुक्रवार को नुमाइश ग्राउंड स्थित एक मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत करने के साथ ही महानगर के परिजन योजना के समाधान को आवाज बुलंद की गई। मुख्य अतिथि सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गिरीश यादव ने कहा कि सपा अग्निपथ योजना का पुरजोर विरोध करती है। क्यों कि सेना भर्ती की यह योजना उन बेरोजगार नोजवानों का भविष्य बर्बाद कर देगी, जिन्होंने सेना एवं अर्धसैनिक बलों की भर्ती के लिए खून पसीने बहा कर तैयारी की है। यही नहीं इस योजना के अंतर्गत लाखों नोजवान चार साल के बाद जब निकाले जाएंगे तो वह प्राईवेट सेक्टर की मजदूरी करने के लिए मजबूर होंगे। लक्ष्मी धनगर ने कहा कि भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना के साथ साथ बघेल समाज, प्रजापति समाज, सूर्यवंशी समाज, बाल्मीक समाज, कोली समाज, धोबी समाज, और जाटव समाज को धोखा दिया है। कार्यक्रम संयोजक पूर्व सांसद समाजवादी चौधरी बिजेंद्र सिंह ने कहा कि हमने जिस तरीके से किसान विरोधी तीनों बिलों को हटाने के लिए किसानों का साथ दिया था, उसी तरीके से सातों जाति की एकता की ताकत से बेरोजगार युवा अग्निपथ योजना का विरोध डट कर करें। कहा कि महानगर के लोग गंदगी से भरे एवं बीमारी युक्त पानी को पीने के लिए मजबूर हैं। जिससे आये दिन कोई न कोई बीमारी के कारण दम तोड़ देता है। कहा कि 11 तारीख को टप्पल के इन्टरचेंज पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी साहब की सभा होगी। डॉक्टर कृपाल सिंह ने सरकार की कथनी और करनी बहुत अंतर है। अंत में सपा नेताओं ने एसईएम को ज्ञापन सौंपा । इस मौके पर रंजीत चौधरी, पूरणमल प्रजापति, शेरपाल सविता, बाबूसिंह धनगर,जिलाध्यक्ष, कर्मचारी वरिष्ठ नेता उदयराज सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह भोलू, शेरपाल सिंह सविता, भूदेव सिंह कुंतल,गुड्डू खान, काजी जी, योगेश प्रधान मजूपुर, फुरकान मिर्जा, नासिर गाजी, परवेज अहमद, वसीम गफ़ूर, शमशाद भाई, मास्टर उदयवीर सिंह अस्लम खान, वीरेंद्र कोली आई पी कश्यप बनवारी बाल्मीक, भूपसिंह राजा जाटव आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पिलुआ थाना के गांव ततारपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, विवाहिता का शव लटका छोड़ ससुरालीजन हुए मौके से फरार, घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्कायड एवं फॉरेंसिक टीम कर रही मामले की जांच पड़ताल, ससुरालीजन मेरी बेटी को करते थे करते थे परेशान-माँ ,विवाहिता की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, 9 दिसंबर 2021 को थाना पिलुआ के गांव ततारपुर में प्रेमलता की ललित कुमार के साथ हुई थी शादी

# शुक्रवार की परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया

साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# तीन आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 40 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से हत्या व हत्या के प्रयास की घटना के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 40 हजार रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 08.07.2022 को अभियुक्तगण 1. भूरे सिंह पुत्र रामसिंह निवासी मेहनी सोरा थाना मारहरा जिला एटा 2.राजेश पुत्र ज्ञान सिंह 3.मालीखान पुत्र ईश्वरी प्रसाद निवासीगण नगला कंचन थाना कोतवाली देहात जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 599/07 धारा 302/34,307/34,452 भादवि0 थाना कोतवाली देहात जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय डीजे कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त में प्रत्येक को आजीवन कारावास एवं 40-40 हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# ग्राम रेवटी और सोनडीहा, खंड़वाकला में बिना लाइसेंस के डीएपी खाद विक्रय करने पर दुकान किया गया सील


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- किसानों को खेती किसानी के लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा डीएपी, यूरिया, पोटास एवं एएनपी जैसे खादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने सर्व एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों को अवैध एवं बिना लाइसेंस के खाद विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। आदेश के परिपालन में एसडीएम प्रतापपुर श्रीमती दीपिका नेताम एवं तहसीलदार श्री प्रतीक जयसवाल एवं टीम द्वारा ग्राम रेवती में श्री साई ट्रेडर्स रेवती के द्वारा डीएपी खाद जय किसान बेचते पाए जाने पर 40 बोरी जप्त किया गया। खाद विक्रेता के द्वारा कोई भी लाइसेंस एवं कागज़ात नहीं दिखाया गया। बिना लाइसेंस के खाद विक्रय के शिकायत एवं विक्रय करते पाए जाने पर खाद दुकान संचालक पर कार्यवाही करते हुए दुकान सील कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम सोनडीहा के दिलीप पटेल द्वारा डीएपी खाद 6 बोरा तथा यूरिया 15 बोरा जप्त किया गया इनके द्वारा भी कोई लाइसेंस एवं कागजात नहीं दिखाए जाने पर दुकान सील कर दिया गया है। ग्राम खंडगवा कला तहसील प्रतापपुर में कृषि उत्पाद बिक्री केंद्र संचालक अनुज कुमार का 48 बोरी डीएपी जप्त किया गया है। संचालक अनुज द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया, न ही स्टॉक रजिस्टर था, जिस पर जप्ती की कार्यवाही की गई। इस दौरान एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, तहसीलदार श्री प्रतीक जायसवाल, पुलिस अमला, पटवारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के स्कूलों में शनिवार होगा 'बैगलेस डे', स्टूडेंट्स के लिए भूपेश सरकार का 'मास्टर प्लान'




छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के स्कूलों में शनिवार को बैगलेस डे करने का फैसला किया है। बैगलेस डे में बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाएंगे और इस दिन स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां आदि कराई जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि स्कूली बच्चे हर शनिवार को अब खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। स्कूली शिक्षा को रोचक, व्यावहारिक और अपने आस-पास के माहौल से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया, शनिवार को स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां कराई जाएंगी। इस नए कदम से बच्चों में स्कूल आने के प्रति रूचि जागृत होगी वहीं उन्हें स्कूल से जोड़े रखने में भी मदद मिलेगी। बच्चों को स्कूली शिक्षा ज्ञानवर्धक के साथ मनोरंजक भी लगेगी।

### बैगलेस डे पर होंगी ये गतिविधियां

अधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि बैगलेस डे के दिन स्कूलों में शनिवार को प्रार्थना के बाद अलग-अलग समय में योग, व्यायाम, खेल, एक दूसरे से सीखना तथा सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां होंगी। पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में व्यायाम, योग, खेल प्रतियोगिता, साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां, मूल्य-शिक्षा, कला-शिक्षा आदि दी जाएंगी।

### प्राचार्यों को नोटिस बोर्ड पर लिखना होगा प्लान

अधिकारियों के मुताबिक, प्रत्येक प्राचार्य को अपने स्कूल के लिए माह के प्रत्येक शनिवार की गतिविधियों का प्लान बनाने और इसे नोटिस बोर्ड पर लिखने के लिए कहा जाएगा। शनिवार की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा किए गए या बनाए गए कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ आएंगी राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू, तैयारियों में जुटी भाजपा, सांसदों-विधायकों से मांगेंगी समर्थन



राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के आदिवासी कार्ड ने PA के विपक्षी दलों को चुनाव में समर्थन के मुद्दे पर पशोपेश में डाल दिया है। द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा की निवासी और वे प्रदेश के पड़ोसी राज्य झारखंड में लंबे समय तक राज्यपाल रहीं। 15 जुलाई को मुर्मू रायपुर आ रहीं हैं। यह उनका पहला छत्तीसगढ़ दौरा है। भाजपा तैयारियों में लगी हैं। भाजपा ने एक बैठक बुलाई थी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक भी शामिल हुए।बी बता दें कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (PA) ने यशवंत सिन्हा को प्रत्याशी घोषित किया है। 1 जुलाई को यशवंत सिन्हा चेन्नई से सीधे रायपुर आए थे। सीएम भूपेश बघेल की मौजूदगी में कांग्रेस के विधायकों और सांसदों की एक निजी होटल में बैठक हुई, जिसमें सिन्हा ने समर्थन मांगा था। रायपुर में यशवंत सिन्हा ने कहा था कि देश को खामोश राष्ट्रपति नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छा होता कि इस पद के लिए चुनाव ही नहीं होता। पक्ष-विपक्ष दोनों मिलकर बैठते और सर्वसम्मति से किसी एक व्यक्ति को चुन लिया जाता। ऐसा करने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है। छत्तीसगढ़ आदिवासी प्रदेश है। यहां आदिवासियों की आबादी 32त्न है। यहां अनुसूचित जनजाति के लिए 29 सीटें आरक्षित हैं, जिसमें 27 पर कांग्रेस का कब्जा है।


### आदिवासियों के लिए सौभाग्य का विषय

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता देवलाल दुग्गा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के लिए यह गौरव की बात है कि द्रौपदी मुर्मू को एनडीए ने राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया है। पहली बार देश में किसी आदिवासी को प्रथम नागरिक बनाने पहल की गई है। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों में इससे उत्साह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से भले ही कांग्रेस के विधायक ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा के पास 9 सांसद, 1 राज्यसभा सांसद और 14 विधायक हैं। जेसीसीजे और बसपा ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया है।

### प्रदेश में सांसद व विधायकों की दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास 71 विधायक हैं। वहीं लोकसभा में 2 और राज्यसभा में 4 सांसद हैं। 2 सांसदों राजीव शुक्ला व रंजीत रंजन अभी हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। यशवंत सिन्हा को छत्तीसगढ़ से अच्छी लीड मिलने की संभावना है। वहीं भाजपा के पास 14 विधायक, 9 लोकसभा सांसद और 1 राज्यसभा सांसद हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) के 3 और बहुजन समाज पार्टी के 2 विधायक हैं। बसपा व जेसीसीजे ने ह्र प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया है। ऐसे में 19 विधायक और 10 सांसदों के वोट एनडीए प्रत्याशी को मिलेंगे।

# तेज रफ्तार कार बरगढ़-बोराई नाला पूल से टकराई, 3 लोगों की मौत, 5 घायल, बारात से लौटते वक्त हुआ हादसा



छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हुए हैं। बारात से वापस लौटने के दौरान अर्टिका कार हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना रायगढ़-बिलासपुर नेशनल हाईवे-49 में बरगढ़-बोराई नाला पुल पर हुआ है। घायलों को जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जिसमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार की स्पीड अधिक थी और चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया। घटना की सूचना पर खरसिया पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। सक्ति पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हुए हैं। बारात से वापस लौटने के दौरान अर्टिका कार हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना रायगढ़-बिलासपुर नेशनल हाईवे-49 में बरगढ़-बोराई नाला पुल पर हुआ है। घायलों को जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जिसमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार की स्पीड अधिक थी और चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया। घटना की सूचना पर खरसिया पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। सक्ति पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।